# हजारीबाग में नकली विदेशी शराब के साथ 2 गिरफ्तार, पुलिस की ताबड़तोड़ छापेमारी

## Hazaribagh News

Publish Date:Tue, 01 Oct 2019 01:40 PM (IST)



उत्पाद विभाग ने इचाक और पदमा के इटखोरी मोड़ में छापेमारी की है। बीते 10 दिनों में अलग-अलग स्थानों में छापेमारी में इस धंधे से जुड़े 30 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

**हजारीबाग, जेएनएन।** उत्पाद विभाग ने इचाक और पदमा के इटखोरी मोड़ में छापेमारी कर नकली विदेशी और देसी शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 50 लीटर देसी शराब और 20 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया है। ज्ञात हो कि दुर्गा पूजा को लेकर उपायुक्त भुवनेश प्रताप सिंह के निर्देश पर विशेष छापमारी अभियान चलाया जा रहा है। विगत 10 दिनों में अलग-अलग स्थानों में छापेमारी में इस धंधे से जुड़े 30 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। छापेमारी सब इंस्पेक्टर रजनीश कुमार, प्रकाश मिश्रा के नेतृत्व में कई गई।

Posted By: **Alok Shahi**

Source: https://www.jagran.com/jharkhand/hazaribagh-2-people-arrested-in-illegal-liquor-case-in-hazaribagh-jharkhand-19630180.html